# एक दिन में निपटाए गए 28 लाख मामले

- भारतीय अदालतों ने बनाया विश्व रिकार्ड, लंबित मुकदमों की संख्या कम करने की अनोखी पहल

**नई दिल्ली:** लंबित मुकदमों के कारण देश की चरमराती न्यायिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए शनिवार को पहली बार पूरे देश में एक साथ लोक अदालतें लगीं और एक दिन में 28.26 लाख मुकदमों को निपटाकर विश्व रिकॉर्ड बना डाला। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी सतशिवम ने दिनभर चलने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया। इनमें 39 लाख मुकदमों की सुनवाई होनी थी लेकिन मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वहां के 7.97 लाख मुकदमों का निस्तारण 30 नवंबर तक के लिए टाल दिया गया।

एक साथ मामलों के निपटारे के लिए देश भर में इसका आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) और सुप्रीम कोर्ट विधिक सेवाएं कमेटी (एससीएलएससी) ने मिलकर किया था। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट, 24 हाई कोर्ट, सभी जिला अदालतों और सभी तालुका (सब डिवीजन) स्तर की अदालतों में मामलों की सुनवाई हुई और विवादों का निपटारा किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी कुल 51 मामलों को निपटाया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए मुख्य न्यायाधीश पी. सतशिवम ने कहा कि अदालत का मुख्य उद्देश्य वादियों को शीघ्र न्याय दिलाना और यह सुनिश्चित करना है कि फिर अपीलें दायर नहीं हों। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से विवादों के निपटारे में खर्च कम होता है और आसानी से न्याय मिल जाता है। शनिवार को जिन मामलों का निपटारा हुआ उनमें मोटर वाहन दुर्घटना के दावे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, चेक बाउंस के मामले, बैंकों की वसूली के मामले, दीवानी मुकदमे व यातायात चालान के मामले शामिल हैं।

> इन फैसलों के खिलाफ अपील नहीं हो सकती इसलिए फैसला स्वीकार करने के लिए वादियों पर दबाव नहीं डाला गया अदालतें यह सुनिश्चित कर लें।
>
> न्यायमूर्ति पी. सतशिवम, मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट

मुख्य न्यायाधीश ने मुकदमों की सुनवाई कर रहे न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जो वादी मुकदमें का निपटारा कराने के लिए यहां अदालतों तक पहुंचे हैं उन्हें यहां आने के लिए धमकी नहीं दी गई है या समझौता नहीं कराया गया है। उन्होंने सचेत किया कि लोगों को ठगने वाले अनैतिक तत्वों को लोक अदालतों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।

SUNDAY TIMES OF INDIA, RANCHI
NOVEMBER 24, 2013



# National lok adalat: A case in point

## Over 85,000 Cases Resolved In A Day Across The State

Jaideep Deogharia | TNN

**Ranchi:** The efforts of judiciary to reduce the burden of pending cases and prevent few pre-litigation suits from entering into the already overloaded system yielded unprecedented results in Jharkhand on Saturday.

For the first time in history as many as 85,000 cases were resolved or disposed of in a single day, thanks to the National Lok Adalat sessions held in the state high court, 22 district courts and four subdivisonal courts. Disputes worth over Rs.82 crores were also settled during the day-long programme.

On the direction of the Supreme Court and National Legal Services Authority (NALSA), every high court, sub-ordinate courts up to the level of sub-divisions invited petitioners and respondents to settle their cases after going through proper judicial process.

Inaugurating the lok adalat camp at high court premises, Chief Justice of Jharkhand high court Justice R Banumathi said the Constitution of India guarantees, equal justice to all. "Still the poor and the underprivileged section of the society are deprived of justice owing to lack of judicial awareness, money and absence of platform where they can seek legal aid," she said clarifying that the concept of lok adalat with statutory mandate of making justice available to the deprived has come a long way in addressing their woes.

The high court legal services committee (HCLSC) and Jharkhand legal services authority (JHALSA) under the aegis of NALSA arranged seven different benches to hear pre-litigation cases of different natures.

> Among seven categories, writ petitions related to salary, post-retiral benefit, pension, and gratuity were dealt in large numbers

Among the seven broad categories, writ petitions related to salary, post-retiral benefit, pension, and gratuity were dealt in huge numbers. Matters related to labour disputes; motor vehicles, accidental claim cases & matters related to Workmen's Compensation Act were also settled at the lok adalat.

First Appeal cases involving land acquisition issues worth Rs 5 lakh and below, matrimonial dispute matters, contempt (civil) matters, issues related to employees provident funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 were short listed by inviting applications from petitioners who desired to get their matters settled at the adalat.

Member secretary of JHALSA, Sajjan Kumar Dubey said the high court bench alone disposed of around 632 cases, few among them failed to reach an amicable settlement. "Little less than one dozen women who had been struggling for compensatory appointment with the CCL for more than eight years were extremely happy with the judgement that favoured them whereas the Ranchi civil court settles some family issues," he said.

Pics: Mahadeo Sen






**REDUCING THE BURDEN:** Chief Justice of the Jharkhand high court R Banumathi (above left) at the inauguration of the national lok adalat in Ranchi on Saturday; and (left) hundreds of people gathered at Ranchi civil court for fast disposing of cases. The legal camps were held in the state high court, 22 district courts and four sub-divisonal courts in the state to lessen the burden on the judiciary system

## Legal camps see heavy footfall in districts

TIMES NEWS NETWORK

**Bokaro/Hazaribag/Daltonganj:** More than 4,000 cases were resolved on Saturday at the national lok adalat camps in just two districts, Bokaro and Hazaribag.

In Bokaro, the lok adalat camp was organized by the District Legal Services Authority (DLSA) in the civil court premises here.

Bokaro was one of the few districts in the state where the court proceedings were shown through video conferencing at the Supreme Court. There were 16 benches, comprising additional district and sessions judges, chief judicial magistrate, additional chief judicial magistrate, munsif, sub-judge, judicial magistrates and advocates that have been formed to solve the disputes.

Cases related to banks, telecom, dowry, electricity, excise, labour act, insurance and forest were taken up at the camps.

Of the 2,879 cases settled at the lok adalat camp in Bokaro, 530 were related to banking problems with State Bank of India, 505 related to the electricity department and 342 to the Deputy Collector Land Reforms and others.

In Hazaribag, the national lok adalat was presided over by Justice Prashant Kumar of the Jharkhand high court who is also the zonal judge of the Hazaribag sessions court. The initiative was a huge success with many people from remotest pockets attempting the proceedings. More than 1,500 cases related to forest, revenue, excise, civil and police departments, labour, electricity board and municipalities and cantonment board at Ramgarh were disposed of.



Justice P P Bhatt of the Jharkhand high court inaugurated the camp at Daltonganj. Justice Bhatt in his speech urged villagers to make the most of lok adalat. He said what (lok adalat) started in 1982 in a small block of Gujarat's Unnao is now a household name.

The ceremony was attended by lawyers, besides pro vice chancellor of Nilambar Pitamber University A N Ojha and registrar Amar Singh.

# Lok adalats make world record in 6 hrs

**Dhananjay Mahapatra** | TNN

**The simultaneous functioning of lok adalats was televised live through web casting, a facility provided by the Supreme Court's e-committee**

**New Delhi:** At a time when 16,000-odd trial courts, 21 high courts and the Supreme Court are battling with over 3 crore pendency, a nation-wide simultaneous holding of Lok Adalats opened on Saturday by Chief Justice P Sathasivam achieved a world record by disposing of 28.6 lakh cases in a matter of 8 hours.

"What is important is that these cases will be settled and reach a finality without litigants going back home with a sense of rancour that drives them to file appeal in higher courts. Settlement of the cases leaves both parties happy both in heart as well as in the pocket," said Justice G S Singhvi, executive chairman of National Legal Services Authority (NALSA).

The simultaneous functioning of Lok Adalats in people friendly atmosphere was televised live through web casting, a facility provided by the apex court's e-committee headed by Justice Madan B Lokur. A whopping 39 lakh cases were put up for settlement in a friendly atmosphere of Lok Adalat without the overbearing presence of court staff or the unfathomable legalese.

The litigants discussed among each other and when they agreed for a settlement, in 28.6 lakh cases, it was recorded by a judicial officer bringing an end to the dispute.

How are Lok Adalats different from the courts? Answering the self-posed question, Justice A K Patnaik, who also heads the Supreme Court Legal Services Committee, said an accident victim after moving at a snail's pace through a clogged pathway in three-tier justice delivery system gets compensation years later.

But the Lok Adalats would provide immediate relief, which is more useful to a victim than the money he receives years later and realizes that inflation has significantly devalued the quantum of compensation, he said.

CJI Sathasivam said the Lok Adalats, like courts, would strictly adhere to principles of natural justice and record a just settlement without diluting the cardinal adage –justice should not only be done but seen to have been done. He said in Delhi alone, Lok Adalats on Saturday would try settle nearly 3 lakh cases, of which 2.73 were traffic violation cases.

Justice Singhvi said he hoped that as many as 20 lakh cases would end in settlement bringing cheers to litigants. He said Lok Adalats were a people-driven concept, which should be popularized to make justice affordable.

However, the Supreme Court's Lok Adalat referral and disposals were a miniscule. On Saturday, three Lok Adalats in apex court will hear 107 cases. In the six editions of Lok Adalats held in Supreme Court between 2008 and 2010, as many as 451 cases were referred and only 180 had been settled.


Justices Singhvi and Patnaik explained why litigants were unwilling to settle the case after it had reached the Supreme Court. They said once the litigant spends a lot of money and time fighting his case in the trial court and the High Court, he felt that he would endure a little more time in the apex court to get a favourable verdict.

R S Gujaral, secretary in Department of expenditure in finance ministry, said "we need to ascertain more areas for settlement" than the accident claims, cheque bouncing cases, traffic challans and family disputes.

प्रभात खबर

## हाइकोर्ट. राष्ट्रीय लोक अदालत में जस्टिस भानुमति ने कहा

# समझौते पर टिकी हैं लोक अदालतें




चीफ जस्टिस आर भानुमति ने नेशनल लोक अदालत को दोनों पक्षों के लिए लाभकारी बताया.

## 35 कर्मी हुए पुनर्बहाल

### सात बेंच का गठन

नेशनल लोक अदालत में सात बेंच का गठन किया गया था. बेंचों में 1008 मामले सूचीबद्ध थे. वादी-प्रतिवादियों व अधिवक्ताओं की भीड़ थी. लोग अपने मामले निपटाने के लिए उत्सुक थे. 632 मामले मौके पर ही निष्पादित किये गये. लगभग 18.50 करोड़ रुपये से अधिक का सेटलमेंट हुआ. कई लोगों ने चेक प्राप्त किया. झालसा के सदस्य सचिव सज्जन कुमार दुबे ने बताया कि लोक अदालत में 35 निलंबित कर्मियों को निलंबन मुक्त करने के बाद उन्हें पुनर्बहाल किया गया. इस बाबत आदेश दिये गये. लोक अदालत में चेक नहीं लेने पर श्री दुबे ने बताया कि संबंधित पक्षकार अपना चेक बाद में भी प्राप्त कर सकते है. प्रथम बेंच में सेवानिवृत्त न्यायाधीश कृष्ण मुरारी, आरके महथा, दूसरे में सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम विलास गुप्ता, पीके देवमनी, तीसरे में बीके लाल, राजेश कुमार, चतुर्थ में सेवानिवृत्त न्यायाधीश जगन्नाथ मिश्र, नलिनी झा, पंचम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजीत कुमार चौधरी, रश्मि कुमार, षष्टम में एके राय, राहुल साबू, सप्तम बेंच में केजे चोपड़ा, डा एच वारीश व अन्य शामिल थे.

### नेशनल लोक अदालत में 632 मुकदमे निष्पादित

### 18.50 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ सेटलमेंट

### इन्हें मिला सीसीएल में नौकरी का नियुक्ति पत्र

विनोद उरांव, सतीश ओझा, बाचन मांझी, सुधीर कुमार प्रीतम, संतोष मुंडा, कैलाश.

**वरीय संवाददाता, रांची**

लोक अदालतें समझौते पर टिकी होती हैं. आपसी सहमति से मामले निष्पादित किये जाते हैं. यह दोनों पक्षों को मुस्कराने का मौका देता है. झालसा फ्री लीगल सर्विस मुहैया कराती है. नेशनल लोक अदालत के लिए पूरे देश में 39 लाख केस सूचीबद्ध किये गये. झारखंड में पांच लाख मामले लोक अदालत में भेजे गये. उक्त बातें चीफ जस्टिस आर भानुमति ने कही. वे शनिवार को झारखंड हाइकोर्ट परिसर में नालसा व झालसा की ओर से आयोजित नेशनल लोक अदालत को संबोधित कर रही थीं. चीफ जस्टिस आर भानुमति ने शुरुआत हिंदी से की. उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत किया.

वरिष्ठ न्यायाधीश डीएन पटेल ने कहा कि नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए 19 नवंबर से ही मामलों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी. 50,000 मामले निबटाये जा चुके हैं. 3,400 चेक बन कर तैयार है. न्यायाधीश पटेल ने कहा कि लोक अदालत के फैसले को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है. इसमें अपील का कोई प्रावधान नहीं है. जस्टिस एनएन तिवारी ने कहा कि लोक अदालत की व्यवस्था काफी महत्वपूर्ण है. यह एक ऐसा फोरम है, जिसमें लोगों की भागीदारी व आपसी सहमति से समस्याएं सुलझायी जाती है. वादी-प्रतिवादियों में वैमनस्यता भी नहीं आयेगी. झालसा के सदस्य सचिव सज्जन कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इससे पूर्व चीफ जस्टिस आर भानुमति ने छह लोगों को सीसीएल में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा. 10 वर्षों से अपनी पति के मौत का इंश्योरेंस क्लेम का दावा करनेवाली अंजना वर्मा, रोशनी मिश्र को चेक प्रदान किया गया. जवाहरलाल अग्रवाल, तुलसी मोदी सहित सैकड़ों लोगों को लोक अदालत में चेक सौंपे गये. भूमि अधिग्रहण मामले में प्रतिकात्मक रूप से शकुंतला देवी व सूर्यदेव कुमार सिंह को मुआवजा का चेक दिया गया. डीपीएस स्कूल के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए. मौके पर न्यायाधीशगणों के अलावा रजिस्ट्रार जनरल एवी सिंह, महाधिवक्ता आरएस मजूमदार, वरीय अधिवक्ता पीसी त्रिपाठी, डा एसके वर्मा, भवेश कुमार, आर मुखोपाध्याय, महीप कुमार सिंह, अरविंद विजय विलुंग, अजय सिंह, दर्जनों गणमान्य लोग पक्षकार व अधिवक्ता उपस्थित थे.

# राज्य भर में 85 हजार मामले निबटाये गये

**रांची.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) की ओर से आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को झारखंड में 85 हजार से अधिक मामलों का निपटारा हुआ.

### देर शाम तक हो रहा था आंकड़ा तैयार

देर शाम तक अदालत में निबटाये गये मामलों का आंकड़ा तैयार किया जा रहा था. राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार निष्पादित मामलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है. अब तक मिली जानकारी के अनुसार लगभग 85 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों में समझौता हुआ है. इस राशि में से करोड़ों रुपये का वितरण भी लाभार्थियों के बीच किया गया. झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस डीएन पटेल ने इसके लिए सरकार समेत बैंक, इंश्योरेंस समेत कई विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किया था. झारखंड में अब तक एक दिन में इतने मामलों का निबटारा नहीं हुआ है. मामलों में न्यायालय में विचाराधीन के अलावा प्री लिटिगेशन के मामले भी शामिल हैं.

### भारत के मुख्य न्यायाधीश ने लिया जायजा


नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी (नालसा) की वीडियो कांफ्रेंसिंग से झारखंड के रांची, हजारीबाग व बोकारो सिविल कोर्ट में आयोजित नेशनल लोक अदालत का जायजा लिया गया. यह जायजा भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पी सदाशिवम ने स्वयं लिया. उन्होंने मुकदमों के निपटारे के लिए टिप्स भी दिये.

### इंश्योरेंस कंपनी ने 35 लाख रुपये का क्लेम दिया

लोक अदालत में मोटर दुर्घटना बीमा से संबंधित 21 मामलों में का निष्पादन हुआ. दी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लि मंडलीय कार्यालय-एक, रांची द्वारा दावों के द्विपक्षीय समझौते के तहत 35 लाख रुपये का सेटलमेंट किया गया. जानकारी वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक आलोक कुमार सिंह व सहायक प्रबंधक अविनाश कुमार ने दी.

## इधर, सिविल कोर्ट में

# 15 हजार से अधिक मामलों का निबटारा



लोक अदालत को लेकर लोगों में था उत्साह.

**रांची :** सिविल कोर्ट में लगे राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 हजार से अधिक मामले निपटाये गये. समझौते के तहत दस करोड़ से अधिक रुपये विभिन्न पार्टियों के बीच प्रदान किये गये. विभिन्न बैंकों के बकाये ऋण की वसूली, भूमि अधिग्रहण, वाहन दुर्घटना का दावा, बिजली विभाग से संबंधित, वन विभाग, राजस्व, बैंक सर्टिफिकेट केस, श्रम, वैवाहिक/पारिवारिक, आपराधिक मामले निपटाये गये. वादों के निष्पादन के लिए 33 बेंच का गठन किया गया था. सिविल कोर्ट में पहुंचे 1077 मामलों से 1,12,06622 रुपये का सेटलमेंट कराया गया. लेबर कोर्ट में दायर आठ मामलों से 7,15,470 रुपये, सेंट्रल लेबर डिपार्टमेंट में 42,55,179 रुपये सेटलमेंट कराये गये. एमएसीटी क्लेम (मोटर वाहन दुर्घटना) से संबंधित 43, 50,000 रुपये का भुगतान किया गया. इससे पूर्व सुबह नौ बजे ई-कोर्ट रूम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हुआ. इधर, ऋण वसूली अधिकरण के तत्वावधान में बैंकों से संबंधित मामले निबटाये गये. इसमें बैंकों के उन मामलों को लिया गया, जो अधिकरण में लंबित हैं. आपसी सहमति से 38 मामलों का निबटारा किया.

## टूटे घर फिर से जुड़े



**रांची.** लोहरदगा निवासी मेहराब अली व बेड़ो निवासी वाजदा तब्बसुम का वैवाहिक जीवन टूट के कगार पर था. दोनों की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी. शादी के बाद दोनों में विवाद हो गया था. पति -पत्नी अलग हो गये थे. पत्नी वाजदा ने मेहराब पर मेंटनेंस केस दायर किया था. दोनों को गलती का एहसास हुआ.राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों के बीच सुलह हुआ. दोनों ने एक दूसरे को माला पहना कर फिर साथ रहने की शपथ ली. वहीं काफिल एवं असगरी की शादी 2006 में हुई थी. एक छह साल की बच्ची भी है. घरेलू विवाद में दोनों अलग रह रहे थे. दोनों ने भी सुलह किया. फैमिली कोर्ट से आज नौ मामलों में समझौता हुआ.

SUNDAY HINDUSTAN TIMES, RANCHI
NOVEMBER 24, 2013

hindustantimes

htjharkhand

STRICTLY ON LEGAL TERMS

# National Lok Adalat disposes of 85,000 cases in J'khand

**JUDGEMENT DAY** Cases related to accidents, matrimonial disputes, and labour and forest acts were heard in courts all across the state

HT Correspondent
htjharkhand@hindustantimes.com

**RANCHI:** Jamshedpur-based Sandhya Rani Roy (58), a health visitor with the state health department, met with an accident while returning from duty on July 16, 2002. A neck-bone injury left her partially paralysed and dependent on a walker for almost 11 years.

Away from work, the state health department stopped Rani's salary and ignored paying her medical expenses. On Saturday, Rani, along with her brother, knocked on the doors of justice at the National Lok Adalat held on the Jharkhand high court premises.

Rani's case was one of the 85,000 cases that were heard and disposed of across Jharkhand, till the filing of the report. But Rani's luck shined courtesy an initiative by the Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA).

Although her case was not listed for hearing on Saturday, judicial officers of JHALSA on humanitarian grounds attended her case on priority basis.

JHALSA made a spot phone call to director-in-chief health services, Praveen Chandra, asking him to attend to Rani's grievances.

"I never thought my case would be attended but they have accepted an application and also instructed the person concerned to look into the matter," said Rani. Chandra was instructed to take necessary steps. JHALSA secretary SK Dubey said, "Her case would be solved at the earliest."

Around ₹82 crore was distributed among litigants and institutions like banks after the cases were solved. Central Coalfields Limited distributed 42 appointment letters to employees who were terminated earlier. Ranchi University paid ₹4.13 crore as part of arrears, gratuity and other allowances.

The nature of cases consisted motor accident cases, negotiable instrument act cases, matrimonial disputes, labour and forest cases, civil cases. Cases of both pre and post litigation stages were also disposed.

**AROUND ₹82 CRORE WAS DISTRIBUTED AMONG LITIGANTS AND INSTITUTIONS LIKE BANKS AFTER THE CASES WERE SOLVED**



Sandhya Rani Roy, a former health department employee, attends the National Lok Adalat, in Ranchi on Saturday.

DIWAKAR PRASAD/HT PHOTO

# CJ urges litigants to resolve cases through lok adalat

Bedanti Saran
bedanti.saran@hindustantimes.com

**RANCHI:** Chief Justice R Banumathi on Saturday appealed people (litigants) to take recourse to lok adalat as an efficacious alternative dispute resolution (ADR) system for settling long drawn legal wrangles at cheaper cost and time.

Inaugurating National Lok Adalats organised by Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA) at the Jharkhand high court and district courts across the state, the chief justice pointed out inherent benefits of lok adalat saying that the acrimonious minds come across the table in lok adalat to settle their disputes by striking a compromise.

"Therefore, the order passed in lok adalat is full and final and cannot be challenged in any court of law. In such cases, both the parties are always placed at win-win situation," she said delivering her first address to the legal fraternity after becoming chief justice of the Jharkhand high court a week ago.

Appreciating students of Delhi Public School, Ranchi, who participated in lok adalat to know the functioning of the judicial system, Chief Justice Banumathi emphasised on the need to create awareness about the ADR system so that the downtrodden and marginalised could avail the benefits. She said, "The JHALSA is extending free legal aid and services to people across the state and due to its efforts more than 2 lakh people are going to benefit in a single day in the state-wide National Lok Adalats." Justice DN Patel, executive chairperson of JHALSA, said, "Reducing backlog of cases is not the only goal of organising such adalats. But, there are several other benefits of this system which provides speedy and cheap justice to the litigants."

Justice Patel, who has made painstaking efforts to organise such mega events, informed it was a matter of pride for the Jharkhand judiciary that the Supreme Court on Saturday chose to inaugurate the nation-wide lok adalat with three district courts, Ranchi, Bokaro and Hazaribagh of the state through video-conferencing.

Being zonal heads, the other sitting judges of the high court, however, have gone to districts to monitor the proceedings there. Lawyers and senior officials of government departments including home secretary, Ranchi DC and SSP participated in lok adalat.

**THE JHALSA IS EXTENDING FREE LEGAL AID AND SERVICES TO PEOPLE... DUE TO ITS EFFORTS MORE THAN 2 LAKH PEOPLE ARE GOING TO BENEFIT**
R BANUMATHI, Chief Justice of Jharkhand high court